Hindi

# IDNYC आवेदन

**14 साल और उससे बड़ी उम्र के आवेदकों के लिए**

मेरा IDNYC नंबर है: ____________

कृपया साफ़ प्रिंट निकालें

## आवेदन प्रकार - एक चुनें

**नया आवेदन:** ☐ पहला IDNYC आवेदन। ☐ कार्ड की वैधता समाप्त हुए 6 महीने से ज़्यादा समय बीत चुका है।

☐ **नवीनीकरण** (कार्ड की वैधता 60 दिनों के भीतर समाप्त हो जाएगी या इसे समाप्त हुए 6 महीने से ज़्यादा समय बीत चुका है।) ☐ **पुनः** (कभी कार्ड नहीं मिला और फिर से आवेदन करना है।)

☐ **कार्ड अपडेट करें: मुझे अपने कार्ड की जानकारी अपडेट करनी है।** (पुराने IDNYC कार्ड को नामांकन केंद्र पर लाना होगा।)

☐ **कार्ड बदलें: कार्ड खो गया है/चोरी हो गया है/क्षतिग्रस्त हो गया है/खराब हो गया है** (हार्डशिप वीवर पर हस्ताक्षर न किये जाने पर $10 का प्रतिस्थापन शुल्क लगता है। आप आवेदन जमा करने के बाद ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। व्यक्तिगत रूप से भुगतान करने के लिए आपको वित्त विभाग के कार्यालय में बने IDNYC नामांकन केंद्र पर जाकर अपना आवेदन सबमिट करना होगा। अधिक विवरण के लिए, www.nyc.gov/idnyc पर जाएँ।)

## आवेदक की जानकारी

☐ अगर आपका कोई देखभालकर्ता है, तो यहाँ जाएँ

**1. पहला/दिया गया नाम:** ____________

**2. मध्य नाम या नाम के पहले अक्षर:** ____________

**3. अंतिम नाम:** ____________

**4. जन्म की तारीख:** M M / D D / Y Y Y Y

**5. आंखों का रंग:** भूरा ☐ हल्का भूरा ☐ काला ☐ नीला ☐ हरा ☐ स्लेटी ☐ कई-रंग ☐

**6. लंबाई:** ☐ फुट ☐☐ इंच

**7. लिंग:** महिला ☐ पुरुष ☐ X (न ही महिला, न ही पुरुष) ☐ बताया नहीं गया ☐

**8. ईमेल:** ____________

आपके ईमेल/फ़ोन का इस्तेमाल सिर्फ़ आंतरिक कामों के लिए किया जाएगा

**9. फ़ोन:** ☐☐☐ - ☐☐☐ - ☐☐☐☐

**10. पसंदीदा भाषा** (ASL सहित) 2 तक: ____________

**11. पूर्व-सैनिक:** ☐ अगर आप एक सेवानिवृत्त सैनिक हैं, जिन्होंने अमेरिकी सैन्य सेवाओं, नेशनल गार्ड अथवा रिजर्वस सेनाओं में सेवा प्रदान की है तो कृपया यहाँ पर निशान लगाएँ। आपके IDNYC के अग्रभाग में "पूर्वसैनिक" (Veteran) प्रकाशित किया जाएगा।

**12. डोनेट लाइफ़ रजिस्ट्री:** न्यूयॉर्क राज्य के स्वास्थ्य विभाग (NYS DOH) के डोनेट लाइफ़ रजिस्ट्री में नामांकित होने के लिए, "हां" बॉक्स पर निशान लगाएं और अपने नाम का हस्ताक्षर करें। आप प्रमाणित कर रहे हैं कि आपकी आयु 16 वर्ष या उससे अधिक है; आप प्रत्यारोपण, शोध अथवा दोनों उद्देश्यों के लिए अपने समस्त अंगों व ऊतकों का दान करने के लिए सहमत हैं; NYS DOH में नामांकन के लिए आपके नाम व पहचान कराने वाली सूचना हस्तांतरित करने के लिए न्यूयॉर्क शहर को अधिकृत कर रहे हैं; और आपकी मृत्यु होने पर यह सूचना संघीय रूप से विनियमित अंग दान संगठनों व NYS से लाइसेंस प्राप्त टिश्यू व आई बैंक व अस्पतालों को इस सूचना तक पहुँच प्रदान करने के लिए NYS DOH को अधिकृत कर रहे हैं। आपके IDNYC के अग्रभाग में "अंगदानकर्ता" (Organ Dono) प्रकाशित किया जाएगा। पात्र होने के लिए आपके IDNYC में एक पता अवश्य शामिल होना चाहिए। आपको NYS DOH से अतिरिक्त सूचना मिलेगी जिससे आपको अपने दान को सीमित करने का अवसर मिलेगा।

**मेरी आयु 16 वर्ष या इससे अधिक है और मैं डोनेट लाइफ़ रजिस्ट्री में शामिल होना चाहता/चाहती हूँ? हां:** ☐

दान करने वाली की सहमति के हस्ताक्षर: ____________ M M / D D / Y Y Y Y

## पता

**13. नंबर और मार्ग:** ____________ Apt. # / Fl. / Ste. / Unit / Rm.

**शहर:** ____________ **राज्य:** N Y **ज़िप कोड:** ____________

**बरो** (एक पर निशान लगाएं ✓): BRONX ☐ BROOKLYN ☐ MANHATTAN ☐ QUEENS ☐ STATEN ISLAND ☐

**14. कार्ड पर आपातकालीन संपर्क की जानकारी दें: (वैकल्पिक)**

**फ़ोन:** ☐☐☐ - ☐☐☐ - ☐☐☐☐

पहला नाम ____________ अंतिम नाम ____________

## प्रमाणन

**15. आवेदक और केयरटेकर का प्रमाणन (अगर लागू हो):** मैं पुष्टि करता/करती हूँ कि मैं आवेदक न्यूयॉर्क शहर में रहता/रहती है; और जमा किए गए सभी दस्तावेज़ और इस आवेदन में दी गई जानकारी मेरे हिसाब से सही है। मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि इस आवेदन पर हस्ताक्षर करके मैं न्यूयॉर्क शहर की ओर से, मेरी ओर से जमा की गई जानकारी की पुष्टि या प्रमाणन के लिए की जाने वाली किसी भी जांच-पड़ताल से सहमत हूं। मैं समझता/समझती हूं कि इस जांच के तहत IDNYC, NYC सोशल सर्विस विभाग या अन्य शहरी एजेंसी से मुझसे जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकता है। इसमें सार्वजनिक सहायता जानकारी शामिल है, मगर यह इसी तक सीमित नहीं है।

आवेदक के हस्ताक्षर ____________ केयरटेकर के हस्ताक्षर (अगर लागू हो) ____________ M M / D D / Y Y Y Y **आज की तारीख**

**आवेदन स्वीकार किया जाना, जमा किए जाने वाले दस्तावेज़ों की पर्याप्तता और वैधता पर निर्भर करता है।**

| OFFICIAL USE ONLY | Date: | ☐ C/O: ____________ NAME OF CARE-OF ORGANIZATION | ☐ Omit Address |
|---|---|---|---|
| | Print Initials: | | |

# IDNYC आवेदन से जुड़े निर्देश

## IDNYC कार्ड का आवेदन करने के लिए आपको इन शर्तों को पूरा करना ज़रूरी है:

1. दस्तावेज़ों के 4 पाइंट होने चाहिए जिनमें से कम से कम 3 से पहचान का प्रमाण मिलना चाहिए और कम से कम 1 से आवास का प्रमाण मिलना चाहिए।
2. सबमिट किए गए दस्तावेज़ों में से कम से कम 1 में फ़ोटो होनी चाहिए। अगर आवेदक केयरटेकर के साथ है, तो इसकी ज़रूरत नहीं है।
3. सबमिट किए गए दस्तावेज़ों में से कम से कम 1 पर जन्मतिथि होनी चाहिए।

समय-समाप्त हो चुका कोई भी दस्तावेज़ तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक IDNYC दस्तावेज़ गाइड में उसका उल्लेख न किया गया हो।
केवल मूल दस्तावेज़ और जारी करने वाली एजेंसी की ओर से प्रमाणित प्रतियां ही स्वीकार की जाएंगी; लैमिनेट किए गए दस्तावेज़ केवल तभी स्वीकार किए जाएंगे जब उन्हें मूल रूप से लैमिनेट करके ही जारी किया गया हो।

## नामों की समानता

सभी दस्तावेज़ों पर दिए गए नाम एक दूसरे के संगत होने चाहिए। आपके IDNYC आवेदन पर दिया गया नाम और आपके उच्चतम महत्व वाले पहचान प्रमाणपत्र में आपका नाम समान होना चाहिए (जैसे कि आपका पासपोर्ट, वाहन चालक लाइसेंस, जन्म तिथि प्रमाणपत्र, दूतावास आईडी आदि।) जब तक कि आप नाम बदलने वाला न्यायालय का आदेश, विवाह प्रमाणपत्र अथवा सरकार द्वारा जारी किया गया कोई अन्य दस्तावेज़ न प्रस्तुत करें, जो एक विधिसम्मत नाम परिवर्तन को स्थापित करता हो। अगर आवेदक दो पहचान दस्तावेज़ दिखाता है जो बराबर बिंदुओं के लिए पर्याप्त हैं, तो IDNYC आवेदन पर वह नाम होना चाहिए जो फ़ोटो वाले दस्तावेज़ पर है।

## आवेदकों की उम्र 14-21 जिनके पास फ़ोटो पहचान या आवास के प्रमाण नहीं हैं

बिना फ़ोटो पहचान या आवास प्रमाण वाले 14-21 की उम्र के आवेदक तब आवेदन कर सकते हैं, जब उनके साथ कोई देखभालकर्ता हो जो आवेदक से संबंधित होने का प्रमाण दे सकता है। एक मान्य देखभालकर्ता हैं - जन्म देने वाले अभिभावक, गोद लेने वाले अभिभावक, सौतेले अभिभावक, कानूनी अभिभावक, कानूनी संरक्षक, पालन-पोषण करने वाले अभिभावक, बाल सेवाओं के लिए NYC एडमिनिस्ट्रेशन का कोई अधिकृत कर्मचारी (Administration for Children's Services, ACS) अथवा एक ACS पालन पोषण करने वाली एजेंसी, या अवयस्क का कोई वयस्क प्रायोजक जो कि यू.एस. स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग (U.S. Department of Health and Human Services), शरणार्थी पुनर्वास कार्यालय (Office of Refugee Resettlement) द्वारा अधिकृत हो।

## विकलांग आवेदक जिनके पास फ़ोटो पहचान या आवास के प्रमाण नहीं हैं

विकलांग आवेदक जिनके पास फ़ोटो पहचान या आवास के प्रमाण नहीं हैं (इसमें आय मायने नहीं रखती) आवेदन कर सकते हैं जब उनके साथ कोई केयरटेकर हो जो आवेदक से संबंधित होने का प्रमाण दे सकता है। किसी भी उम्र के आवेदकों के मान्य केयर टेकर में ये लोग शामिल हैं: NY राज्य का विकलांग लोगों के लिए बना कार्यालय (Office for People with Developmental Disabilities, OPWDD), NYS स्वास्थ्य विभाग (NYS Department of Health, NYS DOH), न्यूयॉर्क राज्य मानसिक स्वास्थ्य विभाग (New York State Office of Mental Health, NYS OMH), NYC स्वास्थ्य और मानसिक रोग उपचार विभाग (NYC Department of Health and Mental Hygiene, NYC DOHMH), एक ACS पालन पोषण करने वाली एजेंसी, या एक OPWDD, NYS DOH या NYC DOHMH प्रदाता **के अधिकृत कर्मचारी**, NYS OPWDD, NYS OMH, NYS DOH या NYC DOHMH द्वारा संचालित, लाइसेंसीकृत, प्रमाणित या निधिकृत **आवासीय देखभाल सुविधाओं के कर्मचारियों सहित; आवेदक के साथ रहने वाले वे लोग** जिन्हें OPWDD ने विकलांग लोगों के साथ रहने के लिए नियुक्त किया है; या वह आवेदक जो सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी ज़िम्मेदारियों का निर्वाह करने वाला व्यक्ति हो।

## केयरटेकर के साथ आवेदन करने वाले आवेदक

केयरटेकर के साथ आवेदन करने वाले आवेदक को कम से कम दो ऐसे दस्तावेज़ देने होंगे जिनसे जन्मतिथि सहित पहचान की पुष्टि होती हो। जैसी कि IDNYC दस्तावेज़ गाइड के केयरटेकर भाग में बताया गया है, आवेदक और केयरटेकर को अपने संबंध का प्रमाण भी देना होगा। केयरटेकर को कम से कम 3 दस्तावेज़ जमा कराने होंगे जिनमें उनकी पहचान, फ़ोटो आईडी के साथ हो। अगर आवेदक के पास आवास का प्रमाण नहीं और वह केयरटेकर के साथ रहता/रहती है, तो केयरटेकर IDNYC दस्तावेज़ गाइड में दिए गए किसी आवास दस्तावेज़ की मदद से अपने आवास का प्रमाण दे सकते हैं और अपने हस्ताक्षर के साथ लिखकर दे सकते हैं कि आवदेकर केयरटेकर के साथ रहता/रहती है। सभी केयरटेकर को IDNYC आवेदन पर हस्ताक्षर करने होंगे। केयरटेकर के तौर पर काम करने वाले कर्मचारियों को कर्मचारी आईडी दिखानी होगी।

## आवास के लिए आवेदन करने वाले आवेदक जो बेघर हैं या घरेलू हिंसा के शिकार हैं

बेघरों के शेल्टर में रहने वाले आवेदक शेल्टर के पते वाला पत्र दे सकते हैं जिसमें लिखा होना चाहिए कि आवेदक कम से कम 15 दिन वहां रहे हैं और शेल्टर में लोग कम से कम 30 दिनों तक रह सकते हैं। कार्ड पर शेल्टर का पता दिखाई नहीं देगा। बेघर और घरेलू हिंसा के शिकार आवेदक को न्यूयॉर्क शहर में अपने आवास का प्रमाण देना होगा, लेकिन वे किसी गैर-लाभकारी संस्था या धार्मिक संगठन का हवाला दे सकते हैं जिनका पता कार्ड पर आवेक के 'केयर-ऑफ़' पते के रूम में दिखाई देगा; या पते को कार्ड से हटा सकते हैं। बिना पते वाले या 'केयर-ऑफ़' पते वाले IDNYC कुछ परिस्थितियों में स्वीकार किए जा सकते हैं।

जो आवेदक इस बात का प्रमाण देता है कि वे NYS पता गोपनीयता कार्यक्रम का हिस्सा हैं या घरेलू हिंसा के पीड़ित लोगों के लिए NYC में बने शेल्टर में रहते हैं, उन्हें साबित करना होगा कि वह न्यूयॉर्क शहर के निवासी हैं। उनका IDNYC कार्ड पर पी.ओ. बॉक्स संख्या हो सकती है या हो सकता है कि कोई पता ही न हो।

## पूर्व-सैनिक स्थिति

अगर आपको अपनी मिलिट्री सेवा का प्रमाणपत्र प्राप्त करने में सहायता चाहिए, तो सेवनिवृत्त सैन्य सेवाओं के लिए NYC का पूर्व-सैनिक सेवा विभाग आपकी सहायता कर सकता है। आप www.nyc.gov/veterans पर उनसे ऑनलाइन संपर्क कर सकते हैं या 311 पर कॉल कर सकते हैं।

## IDNYC कार्ड को रिन्यू करवाना

IDNYC कार्ड को उसकी समय-सीमा के समाप्त होने से 60 दिन पहले रिन्यू करवाया जा सकता है। कार्ड रिन्यू करवाने की अवधि, समय-सीमा समाप्त होने से 60 दिन पहले ही शुरू हो जाती है और उसके 6 महीने बाद समाप्त होती है। अगर कोई व्यक्ति कार्ड की वैधता समाप्त होने के 6 महीने बाद उसके लिए दोबारा आवेदन करता है, तो उसे नए आवेदक के तौर पर देखा जाएगा। अगर आपको कार्ड रिन्यू करवाने की प्रक्रिया को लेकर किसी भी तरह की मदद चाहिए, तो कृपया IDNYC नामांकन केंद्र पर जाएँ।

## प्रतिस्थापित कार्ड

खोए, चोरी या क्षतिग्रस्त हुए कार्ड के बदले में नया कार्ड लेने के लिए भरे जाने वाले आवेदन की कीमत $10 है, बशर्ते कि आवेदक ने हार्डशिप वीवर पर हस्ताक्षर न किए हों या कोई ऐसा आधिकारिक दस्तावेज़ न हो जिसमें उनके कार्ड के चोरी होने की बात प्रमाणित होती हो। आपको वित्त नामांकन केंद्र के IDNYC विभाग में जाकर कार्ड बदलने के लिए भुगतान करना होगा।